रविवार
नालन्दा, 02.01.2025
नालन्दा नं0-1 अखबार
अपना शहर अपना खबर
अपना नालन्दा
पेज-01 वर्ष:1, अंक:8
www.apnanalanda.com

इंटरमीडिएट परीक्षा केंद्रों का डीएम और एसपी ने किया औचक निरीक्षण

राजकीयकृत कन्या+2 उच्च विद्यालय सोहसराय नालन्दा 803118

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शनिवार को जिलाधिकारी शशांक शुभंकर और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बिहारशरीफ शहरी क्षेत्र के विभिन्न इंटरमीडिएट परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा को स्वच्छ, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से किसान कॉलेज (सोहसराय), राजकीयकृत कन्या उच्च विद्यालय (सोहसराय), सदरे आलम मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल (कागजी मोहल्ला) और देवशरण महिला कॉलेज (सोहसराय) का दौरा किया। 1 से 15 फरवरी तक होगी इंटर परीक्षा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 का आयोजन 1 फरवरी से 15 फरवरी तक दो पालियों में किया जाएगा। जिले में कुल 41 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें, बिहारशरीफ में 32 केंद्र,राजगीर में 4 केंद्र तथा हिलसा में 5 केंद्र बनाए गए हैं। छात्राओं के लिए 18 परीक्षा केंद्र, जबकि छात्रों के लिए 23 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा में कुल 42,357 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनमें 22,541 छात्र और 19,816 छात्राएं हैं। सख्त सुरक्षा व्यवस्था लागू परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। केंद्राधीक्षक को छोड़कर किसी भी अधिकारी/कर्मी को मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थियों को जूता–मोजा पहनकर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी, वे केवल चप्पल पहनकर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर सकेंगे। पहली पाली में 9रू00 बजे तक और दूसरी पाली में 1:30 बजे तक ही प्रवेश की अनुमति होगी। इसके बाद आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। यातायात और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी बिहारशरीफ शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) नालंदा को विशेष निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, परीक्षा केंद्रों से 500 गज की परिधि में निषेधाज्ञा लागू की गई है। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) नालंदा, संबंधित केंद्राधीक्षक, दंडाधिकारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

लूट की जांच के दौरान पुलिस टीम पर ग्रामीणों का जानलेवा हमला, दो पुलिसकर्मी घायल

POLICE
BOLERO
STOP
BR 02 Y 6583

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर थाना क्षेत्र के नौरंगा गाँव में शनिवार को पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने ईंट–पत्थर और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि पुलिस वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के संबंध में स्थानीय थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने जानकारी दी कि शनिवार की सुबह रेलवे स्टेशन इस्लामपुर के पोर्टर बबलू कुमार के साथ कुछ असामाजिक तत्वों ने गाली–गलौज और मारपीट कर उनका मोबाइल फोन और करीब 1300 रुपये नकद छीन लिए थे। इस घटना के बाद बबलू कुमार ने स्थानीय थाने में शिकायत दी थी। पुलिस ने इस लूट की घटना की तफ्तीश के लिए नौरंगा गाँव में शनिवार को छापेमारी की। जब पुलिस टीम ने खंधा में बैठे कुछ युवकों से पूछताछ करने की कोशिश की, तो पुलिस को देखकर दो युवक भागने लगे। पुलिस ने उन्हें पकड़ा, जिससे ग्रामीणों में गुस्सा आ गया और उन्होंने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में एक पुलिसकर्मी जितेन्द्र कुमार को गंभीर चोटें आईं, जबकि अन्य पुलिसकर्मियों को भी चोटें आई हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिसकर्मी जितेन्द्र कुमार ने ही गाँव के असामाजिक तत्वों की पहचान करवाई थी। घटना के बाद पुलिस टीम ने घटनास्थल से भागकर अपनी जान बचाई, लेकिन पुलिस के आला अधिकारियों ने स्थानीय थाने से अतिरिक्त पुलिस बल भेजकर गाँव में सघन छापेमारी की। इस छापेमारी में कई संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जाएगी और निर्दोष लोगों को छोड़ दिया जाएगा। घटना में घायल पुलिसकर्मी जितेन्द्र कुमार, अमोद कुमार और अन्य पुलिसकर्मी अभी इलाज के लिए स्थानीय निजी चिकित्सक के पास जा रहे हैं। पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए मामले की जांच तेज कर दी है और जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इंटर परीक्षा के पहले दिन बिहारशरीफ में छात्राओं का विरोध, देर से पहुंचने पर प्रवेश से किया गया वंचित

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।

बिहार बोर्ड की इंटर परीक्षा का आज शनिवार को पहला दिन था, लेकिन परीक्षा केंद्रों पर छात्र–छात्राओं को लेकर कुछ अनहोनी घटनाएं सामने आईं। करीब दो दर्जन छात्र–छात्राएं जो परीक्षा केंद्र पर देर से पहुंचे थे, उन्हें परीक्षा देने का अवसर नहीं दिया गया। इसको लेकर गुस्साए छात्रों ने परीक्षा केंद्रों के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और अपनी नाराजगी जाहिर की। किसान कॉलेज में करीब एक दर्जन छात्राएं परीक्षा देने के लिए देरी से पहुंचीं। उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया, जिससे छात्राएं बेहद गुस्से में आ गईं। नाराज छात्राओं ने स्कूल के पास सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया और नारेबाजी करते हुए केंद्राधीक्षक से परीक्षा में प्रवेश की अनुमति देने की मांग की। छात्रों का कहना था कि वे समय पर पहुंचे थे, लेकिन उनके प्रवेश को लेकर कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया। सड़क पर बैठकर विरोध करने के कारण कुछ देर तक यातायात प्रभावित हुआ। इसी प्रकार, कैरियर पब्लिक स्कूल में भी आधे दर्जन छात्राएं परीक्षा केंद्र पर समय पर नहीं पहुंच पाई। हालांकि, छात्राओं का दावा था कि वे कुछ मिनटों की देरी से आई थीं, लेकिन उन्हें भी परीक्षा हॉल में प्रवेश से वंचित कर दिया गया। छात्राओं ने केंद्र के बाहर प्रदर्शन करते हुए परीक्षा में प्रवेश की अनुमति देने की अपील की। गर्ल्स हाई स्कूल बिहारशरीफ में भी नौ छात्रों को देर से पहुंचने के कारण परीक्षा में बैठने से रोका गया। छात्राओं ने विरोध जताते हुए स्कूल के पास सड़क पर बैठकर नारेबाजी की, जिससे कुछ समय तक वाहनों का आवागमन प्रभावित हुआ। वहीं, सोहसराय स्थित कन्या मध्य विद्यालय में भी आधे दर्जन छात्राओं को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया, क्योंकि वे निर्धारित समय से बाद में पहुंची थीं। छात्राओं का आरोप है कि वे समय पर परीक्षा केंद्र पर पहुंच गई थीं, लेकिन केंद्राधीक्षक और दंडाधिकारी ने उन्हें परीक्षा हॉल में प्रवेश करने नहीं दिया। छात्राओं ने अधिकारियों से अपील कर रही थी कि उनकी स्थिति पर पुनर्विचार किया जाए और उन्हें परीक्षा में बैठने का अवसर दिया जाए। केंद्राधीक्षक ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की गाइडलाइन का पालन किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो छात्र या छात्राएं परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से देरी से पहुंचते हैं, उन्हें परीक्षा में प्रवेश देने की अनुमति नहीं दी जाती है। केंद्राधीक्षक ने यह भी बताया कि यह नियम सभी परीक्षा केंद्रों पर समान रूप से लागू होता है, ताकि परीक्षा की पारदर्शिता और समय का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

राजद प्रवक्ता दीपक कुमार सिंह ने केंद्र सरकार के बजट को बताया झूठ का पुलिंदा

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।

शनिवार को जिला राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता दीपक कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भारत सरकार द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट को झूठ का पुलिंदा करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बजट गरीब विरोधी, बिहार विरोधी और निराशाजनक है। दीपक कुमार सिंह ने कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन केंद्र सरकार ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। विशेष पैकेज तक की व्यवस्था नहीं की गई, जबकि राज्य में भाजपा की सरकार भी है। उन्होंने बजट को पुरानी घोषणाओं की पुनरावृत्ति बताते हुए कहा कि बोधगया–राजगीर एक्सप्रेसवे की घोषणा पिछले बजट में की गई थी,



लेकिन यह अब तक सिर्फ जुमला साबित हुई है। राजद प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि किसानों, छात्रों, नौजवानों और मजदूरों के लिए इस बजट में कुछ भी नहीं है। सरकार केवल दिवा स्वप्न दिखा रही है, जबकि जमीनी हकीकत अलग है। उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि नालंदा जिला राष्ट्रीय जनता दल परिवार इस बजट की घोर निंदा करता है।

BEENFELD®
FIRE SAFETY AND SERVICES
All Types of Fire Extinguisher, Hydrant,
Hoses, Refills, Complete Fire Protection & Safety Items
2nd Floor
Add: Bahadurpur Housing Colony, Bhoothnath Road, Patna 800026
☎ +91 9241 666317 | +91 93414 92504 www.beenfeldfireservice.in

जदयू के भवानी सिंह ने पेश हुए बजट को बताया ऐतिहासिक, बिहार के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाओं की की सराहना

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)।
भारतीय जनता के सपनों को साकार करने और देश के हर क्षेत्र में विकास की गति को तेज करने के उद्देश्य से प्रस्तुत किए गए केंद्रीय बजट पर जदयू जिला महासचिव एवं मुख्य प्रवक्ता भवानी सिंह ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। शनिवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए भवानी सिंह ने बजट की विभिन्न घोषणाओं की सराहना की और इसे ऐतिहासिक कदम बताया। भवानी सिंह ने कहा कि यह बजट भारत के आम जनमानस के सपनों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जिसमें हर वर्ग के विकास पर जोर दिया गया है। उन्होंने विशेष रूप से मध्यम वर्ग के लिए 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय को टैक्स फ्री करने के फैसले को ऐतिहासिक कदम करार दिया और कहा कि इससे मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी, जो आर्थिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। उन्होंने बिहार के लिए बजट में की गई कई घोषणाओं पर भी प्रसन्नता व्यक्त की। भवानी सिंह ने कहा कि पटना में आईआईटी के विस्तार, ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का निर्माण, मखाना किसानों के लिए मखाना बोर्ड की स्थापना, राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता एवं प्रबंधान संस्थान (छष्थ्ज्म्ड) की स्थापना, और पश्चिम कोशी सिंचाई प्रोजेक्ट जैसी घोषणाएं बिहार के विकास में नई दिशा प्रदान करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि इन योजनाओं से पूर्वी भारत में विकास की गति और तेज होगी, जो विशेष रूप से बिहार के लिए फायदेमंद साबित होगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए बजट में किसानों के लिए अधिक वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड को बढ़ावा देने की योजना बनाई गई है, जिसे भवानी सिंह ने अत्यंत स्वागत योग्य बताया। इसके अलावा, शहरी आधारभूत संरचना को मजबूत करने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने की दिशा में उठाए गए कदमों की भी उन्होंने सराहना की। भवानी सिंह ने यह भी कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग दृ महिलाओं, छोटे उद्योगों, किसानों, युवाओं और गरीबों के कल्याण के लिए तैयार किया गया है। बजट में बुनियादी ढांचे में अधिक निवेश और समावेशी विकास को प्राथमिकता दी गई है, जो देश के समग्र विकास में सहायक साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और मध्यमवर्ग के लिए राहत का कार्य करेगा। इस प्रकार, भवानी सिंह ने केंद्रीय बजट को विकासोन्मुखी और देश के हर वर्ग के लिए सहायक बताते हुए इसे ऐतिहासिक कदम बताया, जो भारत को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा।

प्रिय लक्ष्मी बनीं कृषि पदाधिकारी, BPSC परीक्षा में 68वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम किया रोशन

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।
नालंदा जिले के सिलाव प्रखंड अंतर्गत मोहनपुर गांव निवासी नंद किशोर प्रसाद और अनिता देवी की पुत्री प्रिय लक्ष्मी ने बिहार लोक सेवा आयोग (ठच्ैब्) की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 68वीं रैंक हासिल की है। इसके साथ ही वह कृषि पदाधिकारी के रूप में चयनित हुई हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे जिले में खुशी का माहौल है। प्रिय लक्ष्मी की शैक्षणिक यात्रा और प्रेरणा प्रिय लक्ष्मी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता, परिवार के सदस्यों और शिक्षकों को दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा सैनिक स्कूल, नालंदा से हुई, जिसके बाद उन्होंने कृषि विज्ञान में स्नातक किया। प्रिय लक्ष्मी का मानना है कि लगन और मेहनत के दम पर बेटियां भी हर क्षेत्र में सफलता के नए आयाम स्थापित कर सकती हैं। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि अगर वे लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करें, तो कोई भी बाधा उन्हें आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। पिता की शिक्षा के प्रति जागरूकता प्रिय लक्ष्मी के पिता नंद किशोर प्रसाद ने कहा कि उन्होंने हमेशा शिक्षा की महत्ता को समझते हुए अपने बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया। उनका मानना है कि अच्छी शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। चाचा ने जताई खुशी, कृषि क्षेत्र में बताया संभावनाओं से भरा भविष्य

प्रिय लक्ष्मी के चाचा शिवनंदन प्रसाद उर्फ शिव जी, जो मोहनपुर मत्स्य हैचरी के संचालक और बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहयोग संघ के निदेशक हैं, ने उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वह बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी थीं और कृषि क्षेत्र में विशेष रुचि रखती थीं। उन्होंने कहा कि आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर किसान अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। प्रिय लक्ष्मी ने कृषि क्षेत्र में कैरियर बनाकर यह साबित कर दिया कि यह क्षेत्र भी युवाओं के लिए असीम संभावनाओं से भरा है। गांव और परिवार में खुशी का माहौल प्रिय लक्ष्मी की सफलता पर परिवार, रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में चाचा सौरभ, चाची सरिता देवी, रीता देवी, भाभी खुशबू कुमारी, बहन करिश्मा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे। प्रिय लक्ष्मी की इस उपलब्धि ने पूरे जिले का नाम रोशन किया है और वह अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं।

भूमि राजस्व विभाग की रैंकिंग में नालंदा का प्रदर्शन गिरा, 17वें स्थान पर

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)।
बिहार में भूमि राजस्व विभाग द्वारा हर माह जारी की जाने वाली रैंकिंग में दिसंबर 2024 में नालंदा जिले का प्रदर्शन गिरा है। विभाग के कार्यों के आधार पर नालंदा ने दिसंबर में 17वां स्थान प्राप्त किया है, जबकि नवंबर में यह 16वें स्थान पर था। राजस्व व भूमि सुधार विभाग द्वारा म्यूटेशन, परिमार्जन, अंचल कार्यालय का निरीक्षण और अन्य विभागीय कार्यों के आधार पर यह रैंकिंग तय की जाती है। इस माह नालंदा को 100 में से महज 51. 44 अंक प्राप्त हुए हैं। वहीं, अपर समाहर्ता स्तर पर नालंदा का प्रदर्शन बेहतर रहा है और इसे सूबे में 7वां स्थान मिला है। एडीएम स्तर की रैंकिंग में नालंदा को 100 में से 55.38 अंक मिले हैं, और यह एक पायदान ऊपर उठकर 8वें से 7वें स्थान पर आ गया है। अंचल स्तर पर नालंदा जिले के विभिन्न डीसीएलआर कार्यालयों का प्रदर्शन भी मिश्रित रहा। हिलसा डीसीएलआर कार्यालय 29वें स्थान पर रहा, राजगीर 42वें और बिहारशरीफ 48वें स्थान पर रहा। राज्य में कुल 101 डीसीएलआर कार्यालय हैं। रैंकिंग में दाखिल–खारिज मामलों का निपटारा, परिमार्जन प्रक्रिया, पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का समाधान, अभियान श्बसेरा–2श के तहत वासविहीनों को भूमि उपलब्ध कराना, आधार सीडिंग, ई–मापी और न्यायालय में वादों के निपटारे जैसे मापदंडों को शामिल किया गया है।

PHYSICS WALLAH
VIDYAPEETH —PATHSHALA—
बिहार शरीफ
SESSION 2025-2026 Offline Classes
ADMISSIONS OPEN
JEE | NEET | Foundation Class 8th to 12th & Dropper
कम Fee में पढ़े India का No.1 Institute में Star Faculty के साथ
Our Facilities:
AC Classroom
CCTV Campus
Offline Classes
Digital Board
Doubt Support
Study Material & DPP
Daily Recorded Lectures
Experiments for Pratical Knowledge
Hostal Facility Available
*T&C Apply
धनेश्वरघाट मंदिर के पीछे, बिहार शरीफ
95766 85051

द लिटिल चैंप स्कूल
Class - Play to VIIIth (आवासीय व डे-केयर)
नवोदय नेतरहाट सैनिक मिलिट्रि
R.K. MISSION BHU सिमुलतला
Seven years Free Education
में नामांकन की तैयारी हमारे साथ करें।
अगले सात वर्षों (6th to 12th) की सम्पूर्ण शिक्षा निःशुल्क (फ्री) राष्ट्रीय संस्थान से करें।
9084671203, 9142332144
पताः- पी.सी. प्लाजा, भगवानपुर रोड, चंडी (नालंदा)

थरथरी में छात्र मोहित कुमार की मौत: विधि आयोग ने लिया संज्ञान, जांच के आदेश

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। थरथरी प्रखंड के अस्ता मध्य विद्यालय में पढ़ाई कर रहे 13 वर्षीय छात्र मोहित कुमार की मौत के मामले में विधि आयोग ने संज्ञान लिया है। भारत सरकार के विधि आयोग द्वारा मामले को गंभीरता से लिए जाने के बाद, बिहार सरकार के समाज कल्याण विभाग के सहायक निदेशक ने जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक को मामले की जांच सीडब्ल्यूसी (जिला बाल कल्याण समिति) से कराने का आदेश दिया है। आदेश में कहा गया है कि नाबालिग से जुड़े इस गंभीर मामले की जांच बाल कल्याण समिति से कराई जाए और रिपोर्ट एवं कार्रवाई की प्रति निदेशालय को भेजी जाए। जांच के आदेश मिलने के बाद, जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक नितेश कुमार ने संबंधित पत्र भेजकर मामले की जांच शुरू करने के लिए सीडब्ल्यूसी को अग्रसारित कर दिया। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मोहित कुमार की मौत को लेकर गाजियाबाद के राइट्स एक्टिविस्ट राजहंस बंसल ने भारत सरकार और बिहार सरकार को पत्र भेजकर इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सके। साथ ही, उन्होंने नाबालिग के परिजनों को नियमानुसार मुआवजा और आर्थिक सहायता प्रदान करने की भी मांग की। मोहित कुमार की मौत 3 जनवरी 2025 को अस्ता मध्य विद्यालय में करंट लगने से हुई थी। परिजनों का आरोप है कि स्कूल के शिक्षक ने मोहित को छड़ी लाने के लिए भेजा था, और इस दौरान वह बिजली प्रवाहित तार के संपर्क में आ गया। हालांकि, विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि स्कूल में बाउंड्री दीवार नहीं है और छात्र खुद ही स्कूल से भाग गया था।

हिलसा के पाँच परीक्षा केन्द्रों पर हुई इंटरमीडिएट परीक्षा की शुरुआत

हिलसा (अपना नालंदा)।
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना के द्वारा ली जारी इंटरमीडिएट की परीक्षा शनिवार को हिलसा के पाँच परीक्षा केन्द्रों पर पहला दिन शांति पूर्वक कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न हुआ। हिलसा का सभी परीक्षा केन्द्र बालिका परीक्षार्थियों के लिए बनाया गया है। यहाँ लगभग सात हजार परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। सुबह नौ बजे से परीक्षार्थियो एवं उनके अभिभावकों द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर भीड़भाड़ से यातायात व्यवस्था चरमरा गयी थी। हलांकि पुलिस की मुस्तैदी के कारण आवागमन साधन सुचारु रुप से जारी रहा। हिलसा शहर के रामबाबू उच्च विद्यालय,महन्त विद्यानन्द इन्टर कॉलेज,उच्च विद्यालय मई,सरदार पटेल महाविद्यालय एवं एस.यू.कॉलेज में परीक्षा प्रारंभ हुआ। सभी परीक्षा केन्द्रों पर हिलसा के अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुमार का निरीक्षण होते रहा।

20 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में
बच्चों की मुस्कान
Estd.- 2005
Reestablished- 2021
Reg. No.- 229138720211127192204
राष्ट्र की शान
9334304341
✆ 7563996997
8873996997
BIHAR CENTRAL SCHOOL
Shiksha Nagar, Doiya (Near Kut Factory) N.H.-17 (Nalanda)
प्रिय अभिभावकों,
जिस तरह आप अपने बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं, तो उसी तरह हम भी उन्हें सुखद और समृद्ध बनाने के लिए कृत संकल्पित हैं । बिहार की पावन धरा जिस तरह विश्व को ज्ञान के प्रकाश से प्रकाशित कर रही है । जिसका एक प्रारूप "बिहार सेन्टल स्कूल" है ।
इसकी कुछ विशेषताएँ इस प्रकार हैं–
- कुशल एवं योग्य शिक्षकगण ।
- अनुशासित शैक्षणिक वातावरण ।
- सी.सी.टी.वी. कैमरे से लैस कैंपस ।
- सभी मार्गों के लिए वाहन की सुविधा ।
- साफ सुथरा तथा 'इको फ्रेंडली' स्कूल कैंपस ।
- पढ़ाई के साथ–साथ अनेक खेलों की सुविधा ।
- सुसज्जित प्रयोगशाला, पुस्तकालय और कंप्यूटर लैब ।
- समय–समय पर शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं ।
Bumper Discount
₹ 5000/-
+
Educational Kit Free
Play Group to 10th
Admissions OPEN
New Admission Session 2025-2026
OFFER
Up to 1st March 2025
Principal
SHYAM SUNDAR PRASAD
विशेष धमाका ऑफर (प्रतिभा अनुरूप नामांकन में भी छूट)

नगर निगम की राजस्व वसूली की समीक्षा, कम वसूली पर होगी कार्रवाई

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शनिवार को नगर आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा ने बिहारशरीफ नगर निगम के विभिन्न राजस्व स्रोतों की वसूली की समीक्षा की। इस बैठक में उप नगर आयुक्त शम्स रजा, राजस्व पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, सहायक राजस्व पदाधिकारी अनिल रविदास सहित सभी कर–संग्राहक एवं राजस्व कर्मी उपस्थित थे। प्रॉपर्टी टैक्स वसूली में तेजी नगर निगम की समीक्षा में बताया गया कि अब तक 9.47 करोड़ रुपये प्रॉपर्टी टैक्स वसूली हो चुकी है, जो कि कुल 89.68 प्रतिशत है। हालांकि, वार्ड संख्या 04, 25, 34 और 37 में कर–संग्राहकों द्वारा अपेक्षाकृत कम वसूली किए जाने पर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया और वसूली में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। राजस्व पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि नगर निगम क्षेत्र के सभी सरकारी विभागों से प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने के लिए पुनः पत्राचार करें। अनधिकृत होर्डिंग पर कड़ी कार्रवाई नगर क्षेत्र में विभिन्न स्थलों पर अनाधिकृत रूप से लगे होर्डिंग, बैनर और पर्चों को तुरंत हटाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, यदि हटाए गए होर्डिंग दोबारा लगाए जाते हैं, तो लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत जुर्माना और प्राथमिकी दर्ज करने की चेतावनी दी गई। कर–संग्राहकों को 10 फरवरी तक लक्ष्य पूरा करने का निर्देश नगर आयुक्त ने सभी कर–संग्राहकों को निर्देश दिया कि 10 फरवरी, 2025 तक निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत–प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करें। यदि कोई कर–संग्राहक वसूली में लापरवाही बरतता है, तो उसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सबके लिए आवास योजना 2.0 के तहत सर्वे सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ष्सबके लिए आवास योजना 2.0 के तहत नगर क्षेत्र में गृहविहीन व्यक्तियों का वार्डवार सर्वे किया जाएगा। इस सर्वे के लिए वार्ड पार्षद, कर–संग्राहक, सुपरवाइजर और निगम कार्यालय कर्मियों को नामित किया गया है। सभी संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि 08 फरवरी 2025 तक यह सर्वे कार्य अनिवार्य रूप से पूरा करें। नगर आयुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि नगर निगम की राजस्व वसूली में सुधार और नगर क्षेत्र में स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित प्रशासन सुनिश्चित किया जाए।

सकरी नदी से अवैध बालू खनन, ट्रैक्टर जब्त, दो पर एफआईआर

कतरीसराय (अपना नालंदा)।
रविवार को दरवेशपुरा गांव के समीप सकरी नदी में अवैध रूप से बालू लोड करने के दौरान पुलिस ने एक ट्रैक्टर को डाला समेत जब्त कर लिया और इसकी सूचना खनन विभाग को दी। सूचना मिलने पर खनन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और सकरी नदी में किए गए गड्ढों का माप–जोख कर एक लाख चौबीस हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इसके अलावा, ओवरलोडिंग के लिए एक लाख रुपये अतिरिक्त जुर्माना भी लगाया गया। इस मामले में कतरीसराय थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने बताया कि बालू चोरी करने वाले पुलिस की भनक लगते ही ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गए। ट्रैक्टर के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर दरवेशपुरा गांव निवासी अधिक यादव और विभीषण यादव को आरोपी बनाते हुए उनके खिलाफ अवैध खनन के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस एवं खनन विभाग अवैध खनन पर लगातार नजर रख रहे हैं और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

हरनौत के 80 श्रद्धालुओं ने महाकुंभ मेला में डुबकी लगाई, धार्मिक स्थलों पर किए दर्शन

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र से करीब 80 श्रद्धालुओं ने उत्तर प्रदेश में आयोजित महाकुंभ मेला में भाग लिया। नपं के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह ने बताया कि यह यात्रा हरनौत से गया होते हुए, वाराणसी, विंध्याचल, और प्रयागराज तक की गई। श्रद्धालु प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम स्थल पर पहुंचे और वहां महाकुंभ मेला में डुबकी लगाई। सभी ने पूजा अर्चना की और धार्मिक आस्था को अनुभव किया। धीरज कुमार ने बताया कि महाकुंभ मेला हर 12 वर्ष में आयोजित किया जाता है, जो राक्षसों पर देवताओं की जीत का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने काशी विश्वनाथ, गया के विष्णुपद समेत अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन किए। इस यात्रा में नपं के मुख्य पार्षद बबीता देवी, व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं बस्ती पैक्स अध्यक्ष दिलीप सिंह, रिंकु पांडेय, मनीष कुमार, मनथन कुमार सहित अन्य लोग भी शामिल थे।

25वीं बिहार राज्य पारा एथलेटिक्स चौंपियनशिप में नालंदा के खिलाड़ियों ने जीते मेडल

हरनौत (अपना नालंदा)। शनिवार को नालंदा जिला के पारा खिलाड़ियों ने पटना स्थित पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित 25वीं बिहार राज्य पारा एथलेटिक्स चौंपियनशिप 2025 में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने अपनी शानदार प्रदर्शन से मेडल जीते। प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार और रविवार को दो दिवसीय कार्यक्रम के रूप में किया गया। कार्यक्रम में डॉ. शिवाजी कुमार, संदीप कुमार सहित कई प्रमुख वक्ताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि भारत में वीआईपी कल्चर को समाप्त करने की आवश्यकता है, जैसा कि विकसित देशों में दिव्यांगजनों को विशेष सुविधाएं मिलती हैं, लेकिन भारत में आज भी उन्हें वीआईपी सुविधाओं से वंचित रखा गया है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि दिव्यांगजन अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं, चाहे वह पढ़ाई हो, खेलकूद हो, या अन्य कार्य। प्रतियोगिता के दौरान देश और विदेश में दिव्यांग खिलाड़ियों द्वारा की गई जीत से भारतीय लोगों का गर्व बढ़ता है। ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बच्चों को खेलने का मौका मिलता है। साथ ही, बिहार सरकार भी खेलों में प्रोत्साहन देने के लिए खिलाड़ियों को अधिकारी स्तर की नौकरी प्रदान कर रही है। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मशाल जलाकर की गई। आयोजकों ने बताया कि राज्य स्तर पर मेडल जीतने वाले खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय स्तर के खेलों में हिस्सा लेंगे। मौके पर डॉ. रूबी कुमारी (अपर आयुक्त निष्कत्ता), लक्ष्मीकांत सहाय, संतोष कुमार सिंह, चंदा सिंह, सुगंध नारायण, मो. गौहर, वैभव कुमार, हिमांशु कुमार, हरदेव प्रसाद, प्रवीण कुमार मिश्रा, हरिओम, सोनी, विमल जैन, कुंदन कुमार पांडे, रंजीत कुमार, अंजलि, खुशी, आस्था, सार्थक राज, खुशी, सौम्या शरद चंद्र समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण संपन्न, युवाओं को मिला रोजगार का नया अवसर

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र में 22 जनवरी से चल रहा मशरूम उत्पादन एवं प्रसंस्करण प्रशिक्षण शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम केंद्र की गृह विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. ज्योति सिन्हा के समन्वय में आयोजित किया गया था। डॉ. सिन्हा ने बताया कि प्रशिक्षण में जिले के 28 नवयुवक एवं युवतियों ने भाग लिया, जिन्हें ओयस्टर और बटन मशरूम उत्पादन तकनीक एवं मूल्यवर्धन पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि ओयस्टर मशरूम की खेती सरल एवं कम लागत में की जा सकती है, जबकि बटन मशरूम की खेती में नियोजित प्रयासों की आवश्यकता होती है, लेकिन इससे बेहतर मुनाफा कमाया जा सकता है। उन्होंने मशरूम उत्पादन को स्वरोजगार का प्रभावी माध्यम बताते हुए युवाओं को इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया।

जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्वर से पंचम वर्ग तक
उपलब्ध सुविधाएँ
- शिशु स्तर से पंचम स्तर के बच्चों के पठन-पाठन की उत्तम व्यवस्था।
- बेहतर महौल में शिक्षण की व्यवस्था।
- C.C. T.V. कैमरा की व्यवस्था।
- स्मार्ट क्लास।
- सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था।
- खेल-खिलौना द्वारा शिशु शिक्षण की अनुपम व्यवस्था।
- उच्च स्तरी शिक्षकों की टीम
- खेल-कूद के लिए बड़ा मैदान।

नामांकन जारी है...
निदेशक : रणधीर रंजन
जानकी शिशु महाविहार
आधुनिक तकनीक
उर्जावान समूह
गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
सृजनातमक शिक्षण
प्रगति कार्यक्रम
☎ 9304290818, 7652231781
पता : भैंसासूर मोड़ से उत्तर, कागजी महल्ला, बिहारशरीफ (नालंदा)

हरनौत में 23 फरवरी को महाकवि सम्मेलन, साहित्य प्रेमियों की बैठक में हुई योजना तैयार

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय बाजार में आगामी 23 फरवरी को महाकवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए शनिवार को गायत्री मंदिर के प्रांगण में साहित्य प्रेमियों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उभरते कवि, उदय शंकर उर्फ कवि जी ने की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बदलते हुए सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश में समाज को एक नई दिशा देने के लिए एक महाकवि सम्मेलन का आयोजन किया जाए। सभी उपस्थित साहित्यकारों और साहित्य प्रेमियों ने इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया। बैठक में श्रवण कुमार, मिथिलेश कुमार यादव, चंद्र उदय कुमार, सुरेश सिंह, संजय कुमार, ललन सिंह, संतोष कुमार, इतवारी पंडित, रणवीर कुमार, रंजीत कुमार, प्रदीप कुमार, कृष्णनंदन प्रसाद, राजेश कुमार, रामप्रवेश सिंह, रामनंदन, सौरभ, परशुराम समेत कई साहित्यिक हस्तियां मौजूद थीं। इस महाकवि सम्मेलन के आयोजन से स्थानीय साहित्यिक माहौल में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होने की उम्मीद जताई जा रही है।

केवीके वैज्ञानिकों का कलमबंद आक्रोश और धरना प्रदर्शन, बिहार कृषि विश्वविद्यालय के फैसलों के खिलाफ उठी आवाज


कृषि विज्ञान केन्द्र, हरनौत (नालन्दा)
प्रशासनिक भवन
बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर
आक्रोश एवं धरना प्रदर्शन
WE DEMAND JUSTICE WITH KVK EMPLOYEES
STOP DIVIDE & DISCRIMINATE KVK
WE DEMAND "RESPECT THAT WE DESERVE"
01.02.2025

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय बाजार स्थित कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) परिसर में शनिवार को केंद्र के वैज्ञानिकों और कर्मचारियों ने कलमबंद आक्रोश और धरना प्रदर्शन किया। केवीके की प्रधान एवं वरीय वैज्ञानिक डॉ. सीमा कुमारी ने बताया कि यह प्रदर्शन बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के अनैतिक एवं असंवैधानिक फैसलों के विरोध में किया गया। क्या है मामला? प्रदर्शन कर रहे वैज्ञानिकों और कर्मियों का आरोप है कि बिहार कृषि विश्वविद्यालय प्रशासन ने केवीके के वैज्ञानिकों और प्रधान की नियमानुसार स्वीकृत प्रोन्नति (पदोन्नति) को रद्द कर दिया और पहले से किए गए वेतन भुगतान की वसूली का फरमान जारी कर दिया। इसके अलावा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय के अधीन कार्यरत केवीके के वैज्ञानिकों और प्रधान की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष है, लेकिन 31 जनवरी को अचानक सात वैज्ञानिकों को पत्र भेजकर उसी दिन अपराह्न में सेवानिवृत्त घोषित कर दिया गया। वैज्ञानिकों का कहना है कि पूर्व में इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी गई, जबकि नियमतः दो माह पूर्व सूचना देकर सभी बकाया राशि भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जाती है। वैज्ञानिकों और कर्मियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर तुगलकी फरमान जारी कर नियमों की अवहेलना और सरकारी पद के दुरुपयोग का आरोप लगाया। उनका कहना है कि इस फैसले से केवीके के कर्मचारियों और उनके परिवारों में गहरी चिंता और आर्थिक असुरक्षा का माहौल बन गया है। सरकार से की अपील प्रदर्शनकारियों ने कृषि मंत्री, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल से आग्रह किया कि बिहार कृषि विश्वविद्यालय द्वारा प्रोन्नति रद्द करने और सेवानिवृत्ति का आदेश जारी करने के फैसले को तुरंत निरस्त कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर मृदा विज्ञान के वैज्ञानिक डॉ. यू.एन. उमेश, गृह विज्ञान विभाग की वैज्ञानिक डॉ. ज्योति सिन्हा, पशु एवं चिकित्सा विज्ञान के वैज्ञानिक डॉ. विद्याशंकर सिन्हा, उद्यान विभाग की वैज्ञानिक कुमारी विभा रानी, प्लांट एंड पैथोलॉजी विभाग की वैज्ञानिक डॉ. आरती कुमारी सहित अन्य वैज्ञानिक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।